कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक, बिलासपुर
शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय परिसर, कोनी, बिलासपुर(छ.ग.)

Phone/Fax : 07752-260607 Mobile : 9407943728
E-Mail : principal.gpb28@gmail.com

क्रमांक /शापॉबि/ग्रंथा./ निविदा /2021/ बिलासपुर, दिनांक / /2021

## संस्था के छात्र–छात्राओं हेतु ग्रंथालय में पुस्तकें क्रय करने हेतु निविदा आमंत्रण

शासकीय पॉलीटेक्निक बिलासपुर में अध्ययनरत छात्र–छात्राओं हेतु वित्त वर्ष 2021–2022 के लिये लगभग 1.5 लाख (एक लाख पचास हजार रूपये). की राशि का ग्रंथालय में पुस्तकें क्रय की जानी है जिसके लिये मोहरबंद निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। विस्तृत शर्तों व जानकारी हेतु निविदा प्रपत्र अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय से आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रूपये 200/– (रूपये दो सौ मात्र) नगद अथवा "प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक बिलासपुर" के नाम में बिलासपुर में देय 200/– के डी.डी. द्वारा प्रस्तुत कर अथवा संस्था के वेबसाइट cg.nic.in/bilaspur/gpbsp से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

1. निविदा प्रपत्र बिक्री की अंतिम तिथि : 01.11.2021 04 बजे अपरान्ह तक ।
2. निविदा प्रपत्र जमा करने की अंतिम तिथि : 02.11.2021 03 बजे अपरान्ह तक।
3. निविदा खोलने की तिथि : 02.11.2021 04 बजे अपरान्ह ।

प्राचार्य
शासकीय पॉलिटेकनिक
बिलासपुर (छ.ग.)

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक, बिलासपुर
शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय परिसर, कोनी, बिलासपुर(छ.ग.)

Phone/Fax : 07752-291842 Mobile : 9407943728
E-Mail : principal.gpb28@gmail.com

क्रमांक / शापॉबि / ग्रंथा. / निविदा / 2021 /                बिलासपुर, दिनांक    /    /2021

## ग्रंथालय में पुस्तकें क्रय हेतु निविदा आमंत्रण प्रपत्र

1. लिफाफा 'अ' (सुरक्षा निधि लिफाफा)
   (i) इस क्रय की अनुमानित लागत 1.5 लाख (रूपये एक लाख पचास हजार मात्र) है व इस हेतु सुरक्षा निधि रू. 6000/- (रू. छः हजार मात्र) तय की गई सुरक्षानिधि को (प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक बिलासपुर के नाम से देय बैंक ड्राफ्ट या एफ. डी.) को अलग से उक्त लिफाफे में रखें
   (ii) उक्त लिफाफे में ही निम्न दस्तावेज की छायाप्रति लगायें :-
   - आधार कार्ड
   - पिछले तीन वर्षों का इनकम टैक्स रिटर्न या फॉर्म 16
   - निविदाकार वाणिज्यकर विभाग का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र
   - GSTIN नं.
   - Pan नं.

   इन सभी दस्तावेजों को क्रम में जमा कर रखें व उस लिफाफे के उपर सुरक्षानिधि लिफाफा लिख कर फर्म की सील भी लगाऐं।
   (iii) यदि निविदाकार या प्रपत्र वेबसाइट से डाउनलोड करता है, तो रू. 200/- के "प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक बिलासपुर" के नाम बिलासपुर में देय डी.डी. को निविदा प्रपत्र के मूल्य के रूप में "सुरक्षानिधि लिफाफा" में रखें।
   (iv) निविदा का लिफाफा 'अ' पहले खोला जायेगा जिसमें निविदा के निहित शर्तों को पूर्ण करने एवं वैध पाये जाने पर ही लिफाफा 'ब' खोला जायेगा अन्यथा निविदा शर्तों को पूर्ण नहीं करने की स्थिति में संबंधित फर्म का निविदा निरस्त किया जायेगा।
2. लिफाफा 'ब' (भावपत्र लिफाफा)
   (i) इस लिफाफे में दर सूची प्रस्तुत करना होगा। सभी कर सम्मिलित कर निविदा दर प्रस्तुत करना होगा।
   (ii) निविदा में उल्लेखित दर के अतिरिक्त अन्य कोई स्वत्व देय होगा।
   - एक निविदाकार का एक ही निविदा स्वीकार किया जावेगा।
3. लिफाफा 'स'

   इन दोनों लिफाफों को एक अन्य बड़े लिफाफे में रखकर सील बंद करें व उपर दी गई निविदा क्रमांक दिनांक अंकित तिथि समय इत्यादि लिखकर रजिस्टर्ड पोस्ट (एडी) स्पीडपोस्ट अथवा पी.एंड.टी. विभाग से अधिकृत कोरियर या व्यक्तिगत रूप से भेजें। नियत तिथि समय के उपरांत प्राप्त निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।

प्राचार्य
शासकीय पॉलिटेकनिक
बिलासपुर (छ.ग.)

4. उपरोक्तानुसार कंडिका 1 व 3 का पालन न करने पर "भाव पत्र लिफाफा" नहीं खोला जायेगा।

5. निविदाकार वाणिज्यकर विभाग का जीवित पंजीयन प्रमाण पत्र संलग्न करें तथा TIN नम्बर भी अंकित करें।

6. नियत तिथि तथा समय पर निविदायें क्रय समिति व उपस्थित निविदाकार (अथवा उनके प्रतिनिधियों) के समक्ष खोली जायेगी, इस हेतु कोई पृथक आमंत्रण/सूचना नहीं जायेगी।

7. ग्रंथालय में पुस्तकों का क्रय आदेश प्राचार्य शासकीय पॉलीटेक्निक बिलासपुर द्वारा जारी किये जायेंगे। पुस्तकों का क्रय आदेश तिथि से एक माह के भीतर प्रदाय करना होगा अथवा 2 प्रतिशत पेनाल्टी के साथ समयावधि केवल एक बार बढ़ाई जा सकेगी। तद्उपरान्त भी पुस्तकें न प्रदाय करने पर सुरक्षा निधि की कुल राशि (अथवा प्रदाय न की गई पुस्तकों की कीमत) का 3 प्रतिशत जप्त कर लिया जायेगा।

8. पुस्तकों की दरें निविदा खुलने की तिथि से वित्त वर्ष के अंत तक मान्य होनी चाहिये।

9. क्रय के लिये आदेशित पुस्तकों की दरें निर्धारित तिथि तक संबंधित संस्था में डिलीवरी शुल्क/ भाड़ा कर तथा लोडिंग/अनलोडिंग मिलाकर कुल खर्चों का व्यय फर्म द्वारा वहन किया जावेगा ।

10. किसी भी विवाद की स्थिति में छ.ग. शासन के भण्डार क्रय नियम 2002 व अन्य संशोधन संदर्भ रहेंगे। किन्तु आदेशकर्ता का निर्णय अंतिम होगा। न्यायालयीन प्रकरण की स्थिति में न्यायालयीन क्षेत्र बिलासपुर होगा।

11. अगर निविदाकार को क्रय आदेश जारी होने के पूर्व राज्य शासन का कोई पुस्तकें क्रय हेतु नियम/आदेश/अध्यादेश/अधिनियम प्रभाव में आ जाता है, जो इस निविदा की शर्तों को प्रतिकूल रूप से प्रभावित करता है, तो यह निविदा निरस्त की जा सकती है।

12. जिन निविदाकारों को कोई क्रय आदेश प्राप्त नहीं होते हैं उन्हें उनकी सुरक्षा निधि तुलनात्मक पत्र बनने के उपरांत लौटा दी जायेगी। अन्य निविदाकारों को सम्पूर्ण प्रक्रिया होने पर नियमानुसार आंशिक या पूर्ण सुरक्षा निधि लौटा दी जायेगी।

13. यदि निविदाकार छ.ग. में स्थित व छ.ग. वाणिज्य कर अधिनियम से पंजीकृत कार्यालय से पुस्तके प्रदाय करते हैं, तो उन्हें सामग्रियों पर छ.ग. राज्य द्वारा लगाये वाणिज्य करों की स्पष्ट जानकारी देना अनिवार्य है। तुलनात्मक पत्र बनाते समय इन निविदाकारों की कीमतें वाणिज्यकर घटाकर की जायेंगी।

14. संस्था हित में निविदा की शर्तों में किसी भी समय युक्ति-युक्त संशोधन का अधिकार अधोहस्ताक्षरकर्ता के पास सुरक्षित रहेगा।

15. यह प्रपत्र हस्तांतरणीय नहीं है।

16. क्रय की जाने वाली पुस्तकों की संख्या एवं कुल क्रय की राशि घटाई अथवा बढ़ाई जा सकती है।

**प्राचार्य**
**शासकीय पॉलिटेकनिक**
**बिलासपुर (छ.ग.)**

17 निविदाकार के निविदा भरने से ही यह मान लिया जायेगा कि उसे निविदा की समस्त शर्तें स्वीकार है। निविदाकार ऐसी कोई शर्तें नहीं डालेगा जो निविदा शर्तों के विपरीत हो, ऐसी शर्तें अमान्य है।

18. निविदाकार को यह बताना आवश्यक है कि वह निम्न सूची में वर्णित विभिन्न प्रकार की पुस्तको को कितने दिन मे प्रदाय कर देंगे, अगर दो निविदाकारों का दर बराबर है तो कय आदेश उस निविदाकार को दिया जायेगा जो शीघ्रता से पुस्तकें प्रदाय कर सकें। यदि सब कुछ बराबर है तो अधोहस्ताक्षरी का निर्णय अंतिम होगा।

19. प्रदाय की गई पुस्तकों के बिल तीन प्रतियों मे उपलब्ध कराना होगा।

20. पुस्तकों की भौतिक सत्यापन एवं स्टॉक रजिस्टर में एण्ट्री के बाद ही बिल का भुगतान किया जा सकेगा। पुस्तकें सही दशा में नहीं पाये जाने की स्थिति में आपूर्तिकर्ता फर्म को उनकी अपनी व्यवस्था कर वापस ले जानी होगी।

21. यदि किसी निविदाकार की दर न्यूनतम पाई जाती है तो कय आदेश जारी होने के पूर्व यदि आवश्यकता पड़ी तो पुस्तकों की सैंपल कॉपी प्रस्तुत करने होंगे। सैंपल कॉपी परीक्षण पश्चात् संतोषजनक पाये जाने पर ही कय आदेश जारी किये जावेंगे।

प्राचार्य
शासकीय पॉलिटेकनिक
बिलासपुर छ.ग.

List of book publishers

| S.No. | Name of Publisher | Discount % on Print Price in Figures | Discount % on Print Price in Words | Supply Period (Max 1 Month) |
|---|---|---|---|---|
| 1 | Laxmi Publication N. D. | | | |
| 2 | Lovely Prakashan Dhanbad | | | |
| 3 | S.Chand & Co. N. D. | | | |
| 4 | Khanna Publication N. D. | | | |
| 5 | Printice Hall of India N. D. | | | |
| 6 | Charotar Publication | | | |
| 7 | Arihant Publication | | | |
| 8 | Deepak Prakashan | | | |
| 9 | C.B.S. Pub. | | | |
| 10 | Somaiya Pub. | | | |
| 11 | Coal Filed Pub. | | | |
| 12 | Machillian Pub. | | | |
| 13 | Sun India Pub. | | | |
| 14 | Kataria Publication | | | |
| 15 | Anmol Publication N. D. | | | |
| 16 | Umesh Publication N.D. | | | |
| 17 | McGrawHill Publication N.D. | | | |
| 18 | Galgotia Publication N.D. | | | |
| 19 | B.P.B. Publication | | | |
| 20 | University Book House | | | |
| 21 | Dhanpat Rai & Sons N. D. | | | |
| 22 | Pearson Education Publication New Delhi | | | |
| 23 | Vikash Publication | | | |
| 24 | Tata Mc Graw Hill New Delhi | | | |
| 25 | Rest of the above any other Pub. | | | |

कार्यालय प्राचार्य, शासकीय पॉलीटेक्निक, बिलासपुर
शासकीय इंजीनियरिंग महाविद्यालय परिसर, कोनी, बिलासपुर(छ.ग.)

Phone/Fax : 07752-291842 Mobile : 9407943728
E-Mail : principal.gpb28@gmail.com

क्रमांक / शापॉबि / ग्रंथा. / निविदा / 2021 /    बिलासपुर, दिनांक / / 2021

# TENDER-DOCUMENT FOR PURCHASE OF BOOKS (2021-22)

| | |
|---|---|
| 1. Value Of Books | Approx 1.5 lacs |
| 2. Tender Document Issued to | ............................ |
| 3. Cost of Tender Form | 200/- rupees |
| 4. Money Receipt & Date | ............................ |
| 5. Date of Issue of Tender | ............................ |

Issued by

PRINCIPAL
Government Polytechnic
Bilaspur (C.G.)

Principal
Govt. Polytechnic
Bilaspur (C.G.)